यूपी में 10 हजार करोड़ के निवेश को तैयार गोयनका ग्रुप

आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन डा. संजीव गोयनका ने मुख्यमंत्री योगी से भेंट के दौरान की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले एक और बड़े उद्योगपति डा.संजीव गोयनका ने उत्तर प्रदेश में बड़े निवेश को हरी झंडी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान गोयनका ने प्रदेश में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है।

लखनऊ में दस से 12 फरवरी तक होने वाले समिट में डा. संजीव गोयनका की कंपनी आरपीएसजी ग्रुप प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा) के क्षेत्र में सर्वाधिक 7500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके अलावा बिजली वितरण व रिटेल सेक्टर में एक-एक हजार करोड़ रुपये के निवेश करेगी। प्रदेश में 500 करोड़ की लागत से खेल अकादमियां भी स्थापित की जाएंगी।आरपीएसजी ग्रुप भारतीय मल्टीनेशनल कंपनी है और यह पावर और एनर्जी, कार्बन ब्लैक मैन्युफैक्चरिंग,रिटेल, आइटी सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया व इंटरटेनमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर व शिक्षा के क्षेत्रों में काम कर रही है। कंपनी का मुख्यालय कोलकाता में है। ग्रुप के फाउंडर व चेयरमैन डा.संजीव गोयनका के अनुसार अक्षय ऊंर्जा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा 7500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जो उत्तर प्रदेश सरकार के फोकस सेक्टर्स में एक है। इसके अलावा उनकी कंपनी बिजली वितरण और रिटेल क्षेत्र में भी एक-एक हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रदेश में खेल अकादमियों को स्थापित करने के लिए भी कंपनी 500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। दस हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ संजीव गोयनका समूह की उत्तर प्रदेश राज्य के लिए कुल प्रतिबद्धता अब 20,000 करोड़ रुपये आंकी गई है।

डा.संजीव गोयनका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को तरक्की की राह पर ले जाने के विजन की प्रशंसा की। इसके साथ ही निवेश के माध्यम से उत्तर प्रदेश के साथ लंबे व स्थायी संबंधों की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर निवेश माहौल के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयास सराहनीय हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को मुलाकात करते संजीव गोयनका • सूचना विभाग

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

समिट से पहले प्रदेश में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान कहीं कोई गड़बड़ी या बड़ी साजिश न हो, इसके लिए यूपी पुलिस ने पूरे प्रदेश में विशेष अलर्ट जारी किया है। अयोध्या, काशी व मथुरा समेत सभी प्रमुख व संवदेनशील स्थलों पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

विशेषकर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) व स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को हाई अलर्ट कर दुर्दांत अपराधियों, माफिया, आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल व संदिग्धों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के साथ ही अभियान के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अभिसूचना तंत्र को भी विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। 10 से 12 फरवरी के मध्य आयोजन के दौरान लखनऊ व आसपास के जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। लखनऊ में आयोजन के दृष्टिगत लगभग आठ हजार पुलिसकर्मियों के अलावा पीएसी व सीआरपीएफ के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। विदेश से आ रहे अतिथियों की सुरक्षा-व्यवस्था को देखते हुए विशेष स्थलों पर एटीएस स्पाट के कमांडो भी तैनात रहेंगे।

एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी कर संदिग्धों की चेकिंग बढ़ा दी गई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अलावा 11 फरवरी से 27 अगस्त के मध्य लखनऊ, आगरा, वाराणसी व गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में जी-20 सम्मेलन के प्रस्तावित बैठकों को देखते हुए एयरपोर्ट, आयोजन स्थल, अतिथियों के प्रवास स्थल, भ्रमण स्थल व आवागमन के मार्गों को जोन व सेक्टर में विभाजित कर सुरक्षा के कड़े प्रबंध सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। डीजीपी मुख्यालय स्तर से अतिरिक्त पुलिस, पीएसी, सीआरपीएफ व राजपत्रित अधिकारी उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में हाट स्पाट चिह्नित कर वहां सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। उन्हें उपयुक्त ड्रेस कोड व बार कोड युक्त परिचय पत्रों के साथ तैनात किया जाएगा। आयोजन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन व यातायात संचालन लिए आपरेशनल कमांड कंट्रोल सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है।